(d) if so, the reasons therefor and the steps Government propose to take to end this discrimination ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE & TECHNOLOGY, DEPARTMENT OF ELECTRONICS AND DEPARTMENT OF OCEAN DEVELOPMENT AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. R. KUMARAMANGALAM) : (a) Based on the estimates prepared in the National Technical Manpower Information System (NTMIS), being funded by Ministry of Human Resource Development & being implemented by Institute of Applied Manpower Research (IAMR), the number of women engineers has risen approximately 8.5 'times during the past 15 years.

(b) The number of women engineers in the country at the beginning of the year 1992 has been estimated at about 90,500 by the National Technical Manpower Information System, Institute of Applied Manpower Research.

(c) iand (d) No discrimination is being made on the basis of cex for employing engineers.

विज्ञान और प्रौद्योगिक मंत्रालय के लिए किए गए बजट आवंटन में कमी किया जाना :

1791. श्री विश्वास राव रामराव पाटिल: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के लिए किए गए बजट आवंटन को कम किया जा रहा है,

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं,

(ग) क्या यह सच है कि इसका अनुसंधान और विकास कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा,

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार अनुसंधान और विकास कार्य में तेजी लाने के लिए कोई प्रावधान करने जा रही है,

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिक मंत्रालय इलैक्ट्रानिकी विभाग और महासागर विकास विभाग में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री : (श्री रंगराजन कुमार मंगलम)

(क) जी नहीं ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठते ।

भौतिक, रसायन विज्ञान और जीव-विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् द्वारा किए गए अनुसंधान का योगदान :

1792. चौधरी हरि सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अधीन चल रही अनुसंधान प्रयोगशालाओं और केन्द्रों तथा उनमें कार्यरत वैज्ञानिकों और अन्य कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा उन पर व्यय की गई कुल धनराशि और उसकी अपनी परिसम्पत्तियों पर किया गया कुल निवेश कितना है;

(ग) उन उद्योगों और उनके उत्पादों का ब्यौरा क्या है जहां अभी तक वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इंजीनियरी, औषधि, सूचना विज्ञान आदि क्षेत्रों की उपलब्धियों का उपयोग किया गया है;

(घ) अब तक प्रकाशित शोध-पत्रों का ब्यौरा क्या है और इनमें से कितने शोध-